# साप्ताहिक लाभ - कानून के अंतर्गत मिलने वाले लाभ

यदि आप किसी वाहन दुर्घटना में घायल हो जाते हैं और अपने सामान्य काम-काज में फिर से काम नहीं कर पाते तो हो सकता है कि जब आप अपनी चोटों से उबर रहे हों, हम वाहन दुर्घटना के कारण आपको होने वाले आय के किसी भी नुक़सान की भरपाई के लिए साप्ताहिक लाभों का भुगतान कर सकें।

यह तथ्य पत्र आपको निम्नलिखित चीज़ें समझने में सहायता करेगा:

- क्या आप साप्ताहिक लाभों के पात्र हो सकते हैं
- आपके लाभों की राशि का निर्धारण करने के लिए हमें आपसे क्या-क्या जानकारी चाहिए
- आप भुगतानों को कब प्राप्त करने की अपेक्षा कर सकते हैं और वह कितने समय के लिए जारी रहेंगे
- 'अर्नर' और 'प्रि-एक्सिडेंट वीकली अर्निंग्स' (पी ए डब्ल्यू ई - PAWE) से हमारा क्या तात्पर्य है
- 'एंटाइटलमेंट पीरियड' का क्या मतलब होता है।

## क्या मुझे साप्ताहिक लाभ मिलेंगे?

सामान्यतया, दुर्घटना के समय यदि आप किसी आजीविका से आय कमा रहे थे तो आपको एक 'अर्नर' (आय कमाने वाला) माना जाएगा और यदि आप वाहन दुर्घटना के परिणामस्वरूप काम नहीं कर सकते तो आप साप्ताहिक लाभों को प्राप्त करने के पात्र होंगे।

एक 'अर्नर' माने जाने के लिए दुर्घटना के समय आपको कम से कम 15 वर्ष का होना चाहिए और आप:

- नौकरी करते थे या आपका अपना व्यवसाय था; या
- एक लिखित दस्तावेज़ के अंतर्गत नौकरी आरंभ करने वाले थे; या
- आपने अपना निजी व्यवसाय आरंभ कर दिया था; या
- आप किसी अन्य वाहन दुर्घटना के बाद अपनी आय न होने के कारण या एन एस डब्ल्यू वर्कर्स कंपन्सेशन दावे के अंतर्गत भुगतान प्राप्त कर रहे थे।

यदि दुर्घटना के समय आप एक पूर्णकालिक विद्यार्थी थे तो आप तब से 'अर्नर' माने जाएँगे जब आप 15 वर्ष के हो चुके होंगे और आप वह कोर्स पूरा कर लेते हैं जो आप पढ़ रहे थे।

### मैं एक "अर्नर" हूँ, यह किस जानकारी से सिद्ध होगा?

यह दुर्घटना से पहले की आपकी आय संबंधी परिस्थिति पर निर्भर करता है। अधिकांश मामलों में हम आपको पिछले 12 महीने के निम्नलिखित प्रकार के दस्तावेज़ देने को कहेंगे:

- पे स्लिपें
- पेमेंट समरियाँ
- टेक्स रिटर्न
- नौकरी का कोंट्रेक्ट
- नौकरी प्रदान किए जाने के आशय का पत्र

**यदि आपका अपना व्यवसाय था या आप व्यवसाय आरंभ करने वाले थे तो आप निम्नलिखित दस्तावेज़ दे सकते हैं:**

- प्रॉफ़िट एंड लॉस स्टेटमेंट।
- बिज़नेस एक्टिविटी स्टेटमेंट।
- टेक्स रिटर्न।
- ग्रुप सर्टिफ़िकेट।
- बिज़नेस का पंजीकरण करवाने के आवेदन-पत्र।
- बैंक स्टेटमेंट जो नियमित आय दिखाती हों।
- इन्वाइसों के रिकॉर्ड।

यदि आप एक **पूर्णकालिक विद्यार्थी थे तो आप निम्नलिखित दस्तावेज़ दे सकते हैं:**

- दुर्घटना से पहले की पढ़ाई के परिणाम/अंक सूचियाँ।
- काम करने का पूर्व अनुभव (वर्क एक्सपीरियंस)।
- नामांकन की पुष्टि।
- कोई अन्य संबंधित सामग्री/दस्तावेज़।

**मुझे यह जानकारी किस लिए देनी होगी?**

**यह जानकारी हमें आपकी प्रि-एक्सिडेंट वीकली अर्निंग्स (PAWE) की गणना करने में सहायता करेगी। हम आपकी अनुमति लेकर सीधे आपके नियोक्ता से संपर्क करके भी इस जानकारी के लिए अनुरोध कर सकते हैं।**

**यदि आपका नियोक्ता यह जानकारी दे देता है तो हम आपको फ़ोन करके आपके एक 'अर्नर' होने की स्थिति के बारे में चर्चा करेंगे। हम आपको बताएँगे कि आपकी 'प्रि-एक्सिडेंट वीकली अर्निंग्स' कितनी हैं और उनकी गणना कैसे की गई थी।**

**'प्रि-एक्सिडेंट वीकली अर्निंग्स' (दुर्घटना से पहले आपकी साप्ताहिक आय) क्या होती हैं?**

**प्रि-एक्सिडेंट वीकली अरनिंग्स जिन्हें "PAWE" भी कहते हैं, आपकी वाहन दुर्घटना के दिन से ठीक पहले के** 12 **महीनों के दौरान आपकी कुल साप्ताहिक आय का औसत है।**

उदाहरण के तौर पर, यदि आप पूर्ण कालिक काम करके प्रति वर्ष कुल $52,000.00 कमा रहे थे, जिसमें सुपरएनुएशन शामिल नहीं है, तो आपकी PAWE कुल $1,000.00 प्रति सप्ताह होगी।

PAWE की गणना किस प्रकार की जाती है, यह **मोटर एक्सीडेंट इंजरीज़ एक्ट 2017 में बताया गया है और इसमें विभिन्न प्रकार की रोज़गार की परिस्थितियों के बारे में बताया गया है। कुछ मामलों में आपकी** PAWE आपकी अपेक्षा से अलग हो सकती है। ऐसा निम्नलिखित प्रकार की परिस्थितियों में होता है:

- यदि आप पूरी 12-माह की अवधि में लगातार **कमाई नहीं कर रहे थे**
- यदि दुर्घटना के समय आप एक पूर्णकालिक विद्यार्थी थे
- यदि आपकी नौकरी में कोई परिवर्तन हुआ था, जैसे पदोन्नति, पदावनती या आपके काम के नियमित घंटों में परिवर्तन

- यदि आपने कोई नई नौकरी आरंभ करने का समझौता कर लिया था - इस स्थिति में, आपकी PAWE की गणना इस आधार पर की जाएगी कि यदि दुर्घटना न होती तो आप उस नौकरी में कितने पैसे कमा सकते थे।

**अधिकतम सीमा**

वाहन दुर्घटना से पहले आपकी आय कितनी थी, इसके आधार पर आपकी PAWE पर "मैक्सीमम वीकली स्टेच्युटरी बेनीफ़िट अमाऊंट" का प्रभाव भी पड़ सकता है। एन एस डब्ल्यू सरकार ने दिशा-निर्देश तय किए हैं जो बताते हैं कि हमारे द्वारा किए जाने वाले साप्ताहिक लाभ के भुगतान की एक अधिकतम सीमा है, और हम आपको उस राशि से अधिक साप्ताहिक भुगतान नहीं कर सकते।

यदि उपरोक्त का आप पर प्रभाव पड़ता है तो हम आपके पहले साप्ताहिक लाभ का भुगतान करने से पहले आपको फ़ोन करेंगे और इस बारे में चर्चा करेंगे।

**इंटरिम रेट (अन्तरिम दर)**

कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि हम इस बात की पुष्टि तो कर सकते हैं कि आप एक 'अर्नर' हैं पर हमारे पास आपकी PAWE की पुष्टि करने के लिए पूरी जानकारी न हो। ऐसी स्थिति में हम आपको एक "इंटरिम रेट" पर भुगतान कर सकते हैं, जो आपकी वाहन दुर्घटना के बाद के पहले 13 सप्ताहों के लिए हो सकता है, या तब तक जब तक हमें आपकी PAWE की गणना के लिए वह जानकारी नहीं मिल जाती है जिसकी हमें आवश्यकता है, इनमें से जो भी पहले होता है। यदि इस 13 सप्ताह की अवधि में हमें आपसे यह जानकारी नहीं मिलती तो हम आपको इंटरिम रेट पर तब तक भुगतान नहीं कर पाएँगे, जब तक हमें जो जानकारी चाहिए, आप वह हमें दे नहीं देते।

इंटरिम रेट, कानून द्वारा तय किए गए वर्तमान अधिकतम साप्ताहिक लाभ की राशि का 12.5% है और वह सरकार द्वारा तय किए गए रेट के अनुसार बदलता रहेगा। जब हम आपको वर्तमान रेट की राशि बताते हैं, तो यदि आप जानते हैं कि आपकी PAWE की राशि उससे कम होगी तो आप वर्तमान रेट से कम राशि प्राप्त करने का चुनाव एक नामांकन द्वारा कर सकते हैं।

यदि आप इंटरिम रेट के पात्र हैं तो हम आपको यह बता देंगे।

जब हमें आपकी PAWE की गणना के लिए आवश्यक जानकारी मिल जाती है तो या तो हम आपको देय बकाया राशि का भुगतान करेंगे या, यदि हमने आपको अधिक भुगतान कर दिया था तो हम आपको अधिक राशि को वापस करने के लिए कहेंगे।

**जिस प्रकार मेरी प्रि-एक्सिडेंट वीकली अर्निंग्स की गणना की गई है, यदि मैं उससे असहमत हूँ तो?**

हम समझते हैं कि आपके अपनी चोटों से उबरने की अवधि के दौरान लगातार आय की प्राप्ति होते रहना कितना महत्त्वपूर्ण है, इसीलिए जहाँ तक संभव है, हम आपकी PAWE की गणना अच्छी तरह करने का पूरा प्रयास करेंगे। लेकिन यदि आप हमारी गणना से असहमत हैं तो इसके बारे में चर्चा करने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से सीधे संपर्क करें।

यदि आप अपने दावे से संबंधित हमारे PAWE के निर्णय से असहमत हैं तो आप हमारे निर्णय का इंटरनल रिव्यू करवाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। इंटरनल रिव्यू का अनुरोध करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी आपके पत्र में लिखी होगी, लेकिन आप अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से भी संपर्क कर सकते हैं जो इस प्रक्रिया में आपकी सहायता कर सकता है।

और यदि आप हमारी सेवा के स्तर से असंतुष्ट हैं तो आप शिकायत कर सकते हैं। शिकायत करने के लिए संपर्क की जानकारी लेने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें या संलग्न "शिकायतें" तथ्य पत्र देखें।

## मेरे साप्ताहिक लाभ कब से मिलने आरंभ होंगे?

जब हम आपकी भुगतान प्राप्त करने की पात्रता का निर्धारण कर लेते हैं, तो आपके भुगतान आरंभ हो जाएँगे लेकिन, यह इस पर भी निर्भर करता है कि आपने अपना दावा कब जमा किया था और क्या हमने इसका दायित्व स्वीकार कर लिया है।

आपके भुगतान निम्नलिखित में से किसी एक तिथि से आरंभ होंगे:

- यदि आपने अपना भरा हुआ दावा फ़ॉर्म दुर्घटना होने के 28 दिन के भीतर जमा कर दिया था तो आप दुर्घटना के अगले दिन से लाभों के पात्र हो सकते हैं।
- यदि आपने अपना दावा 28 दिन के बाद जमा किया था तो हो सकता है कि हम आपका भुगतान आपके दावा जमा करने की तिथि से आरंभ करें।

जब हम आपकी साप्ताहिक लाभों को प्राप्त करने की पात्रता का निर्धारण करेंगे तो हम आपको भुगतान की सही तिथि की जानकारी लिखित रूप में भेजेंगे।

### साप्ताहिक लाभ की मेरी राशि कितनी होगी?

जब हम यह निर्धारित कर लेते हैं कि आप साप्ताहिक लाभ के पात्र हैं, तो यह इतना सीधा नहीं है कि हमने आपकी PAWE की राशि की जो गणना की है बस उसी का भुगतान आरंभ कर दें। मोटर एक्सीडेंट इंजरीज़ एक्ट 2017 के अंतर्गत हमें निम्नलिखित बातों को भी ध्यान में रखना होगा:

- आप किस एंटाइटलमेंट पीरियड में हैं, और
- वाहन दुर्घटना के बाद आपकी अर्निंग कैपेसिटी कितनी है, और
- क्या आपने एक्ट के अंतर्गत अपने दायित्वों को पूरा किया है या नहीं।

### "एंटाइटलमेंट पीरियड" से हमारा क्या तात्पर्य है?

जब हम आपके साप्ताहिक लाभ की राशियों का भुगतान करते हैं तो हमें तीन एंटाइटलमेंट पीरियडों को ध्यान में रखना होता है: पहला, दूसरा और तीसरा एंटाइटलमेंट पीरियड। एंटाइटलमेंट पीरियडों की गणना आपकी वाहन दुर्घटना की तिथि से की जाती है।

तीन एंटाइटलमेंट पीरियड इस प्रकार हैं:

1. पहला एंटाइटलमेंट पीरियड: सप्ताह 1 से सप्ताह 13
2. दूसरा एंटाइटलमेंट पीरियड: सप्ताह 14 से सप्ताह 78
3. तीसरा एंटाइटलमेंट पीरियड: सप्ताह 79 और उसके बाद

आपकी भुगतान की पात्रता की राशि इन बातों पर निर्भर करती है कि आप किस एंटाइटलमेंट पीरियड में हैं और दुर्घटना के बाद आपकी काम करने की क्षमता कितनी है।

1. पहला एंटाइटलमेंट पीरियड: आपकी पात्रता होगी - (आपकी PAWE में से दुर्घटना के बाद की आपकी अर्निंग कैपेसिटी घटा कर) उसका 95%
2. दूसरा एंटाइटलमेंट पीरियड:
    a. यदि आप में काम करने की क्षमता बिलकुल नहीं है तो आपकी पात्रता आपकी PAWE की 80% होगी
    b. यदि आप में काम करने की कुछ क्षमता है तो आपकी पात्रता होगी - (आपकी PAWE में से दुर्घटना के बाद की आपकी अर्निंग कैपेसिटी घटा कर) उसका 85%
3. तीसरा एंटाइटलमेंट पीरियड: जब आपका दूसरा एंटाइटलमेंट पीरियड समाप्त होने वाला होगा तो हम आपसे संपर्क करके आपके दूसरे एंटाइटलमेंट पीरियड के बाद की आपकी पात्रता के बारे में चर्चा करेंगे।

नीचे हमने कुछ उदाहरण शामिल किए हैं जो आपको यह दिखाएँगे कि हमारा क्या तात्पर्य है।

**उदाहरण - पहला एंटाइटलमेंट पीरियड - आय का पूर्णतया बंद हो जाना** - *इसका अर्थ है कि इस पीरियड के दौरान आप काम कर पाने में पूर्णतया असमर्थ हैं।*

यदि आपकी PAWE = $1,000

पात्रता = $1,000.00 x 0.95 = $950.00

**उदाहरण – पहला एंटाइटलमेंट पीरियड - आय का कुछ हद तक कम हो जाना** - *इसका अर्थ है कि आप काम पर जा सकते हैं लेकिन अपने पूरे घंटों के लिए नहीं।*

यदि आपकी PAWE = $1,000 और आप कुल $100 प्रति सप्ताह कमा सकते हैं

पात्रता = ($1,000 - $100 = $900) x 0.95 = $855

**उदाहरण – दूसरा एंटाइटलमेंट पीरियड – आय का पूर्णतया बंद हो जाना** - *इसका अर्थ है कि इस पीरियड के दौरान आप काम कर पाने में पूर्णतया असमर्थ हैं ।*

यदि आपकी PAWE = $1,000

पात्रता = $1,000.00 x 0.80 = $800.00

**उदाहरण - दूसरा एंटाइटलमेंट पीरियड – आय का कुछ हद तक कम हो जाना** - *इसका अर्थ है कि आप काम पर जा सकते हैं लेकिन अपने पूरे घंटों के लिए नहीं।*

यदि आपकी PAWE = $1,000 और आप कुल $100 प्रति सप्ताह कमा सकते हैं

पात्रता = ($1,000 - $100 = $900) x 0.85 = $765

**अर्निंग कैपेसिटी**

आपके दावे की पूरी प्रक्रिया के दौरान आपको आपके सामान्य चिकित्सक (जी पी) से मिलते रहना होगा और उससे एक "सर्टिफ़िकेट ऑफ़ कैपेसिटी" लेना होगा और एक "एम्प्लॉइमेंट डिक्लेरेशन" फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करवाने होंगे। हमें आपके और जी पी द्वारा पूरी तरह भरे गए ये दोनों फ़ॉर्म चाहिए होंगे, तभी हम आपके साप्ताहिक लाभ के भुगतानों पर विचार कर पाएँगे।

सर्टिफ़िकेट ऑफ़ कैपेसिटी आपके जी पी द्वारा आप और आपकी वाहन दुर्घटना की चोटों के वर्तमान निर्धारण के आधार पर आपकी आय कमाने की क्षमता की जानकारी देता है। फिर हम इस सर्टिफ़िकेट की सहायता से उस सप्ताह के लिए आपके साप्ताहिक लाभ के भुगतानों की राशि की गणना करते हैं।

एम्प्लॉइमेंट डिक्लेरेशन फ़ॉर्म आपके द्वारा भरा गया एक घोषणापत्र होता है जो यह बताता है कि आपके सर्टिफ़िकेट ऑफ़ कैपेसिटी में जी पी द्वारा जो कहा गया था, आपको उसके अलावा कोई और आय प्राप्त हुई है या नहीं।

यदि आप जिस सप्ताह के लिए साप्ताहिक लाभों का दावा कर रहे हैं, उसके लिए हमें ये दोनों फ़ॉर्म नहीं देते तो हम उस सप्ताह के लिए आपको साप्ताहिक लाभ का भुगतान नहीं कर सकेंगे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संलग्न "अर्निंग कैपेसिटी" तथ्य पत्र देखें।

**मुझे साप्ताहिक लाभ कितने समय तक मिलते रहेंगे?**

वाहन दुर्घटना के बाद के पहले 52 सप्ताहों के लिए जब तक आप काम पर वापस नहीं जा पाते, आप साप्ताहिक लाभ पाने के पात्र रहेंगे।

इस अवधि के बाद हमें आपकी चोट और दुर्घटना की जानकारी पर पुनर्विचार करके यह निर्धारित करना होगा कि क्या आपके भुगतान जारी रहेंगे। मोटर एक्सीडेंट इंजरीज़ एक्ट 2017 के अंतर्गत हम आपके साप्ताहिक लाभ के भुगतानों को जारी नहीं रख पाएँगे यदि:

- आपकी दुर्घटना आपकी ग़लती से या मुख्य रूप से आपकी ग़लती से हुई थी
- आपकी चोट को **थ्रेशोल्ड इंजरी** (Threshold Injury) निर्धारित किया जाता है।

उपरोक्त निर्धारणों के बारे में आपसे चर्चा करने के लिए आपका क्लेम्स एड्वाइज़र आपसे संपर्क करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि आप यह समझ सकें कि आपके साप्ताहिक भुगतानों पर इन निर्धारणों का क्या प्रभाव पड़ेगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संलग्न "थ्रेशोल्ड इंजरी" तथ्य पत्र और "दायित्व संबंधी निर्णय" तथ्य पत्र देखें।